तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
बेमेतरा भूमि

रायपुर, बुधवार 28 अक्टूबर 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

10 दो महीने में रसोई का बजट बिगड़ा, चावल-दाल से लेकर ...



09 प्रज्ञा निर्वाणी बनीं छग श्री वैष्णव महासभा की प्रदेश



खबर संक्षेप

सात जुआरियों से छह हजार रुपए जब्त

भिलाई। जुआ खेल रहे सात जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जुए के अड्डे से पुलिस ने नगद 6 हजार और ताश पत्ती बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि रूआबांधा में दबिश देकर मुखबिर की सूचना पर एचएससीएल कॉलोनी, रूआबांधा निवासी कन्हैया यादव,संजय साहू, रूआबांधा दिनेश निषाद, लक्ष्मी जोशी, मनीष जैन,मनोज मारकंडे, सेक्टर-6, बोरिया क्वार्टर, सड़क नंबर 52, गौतम बघेल को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने नगद रकम 6100 बरामद किया।

नारकोटिक और साइकोट्रॉपिक दवा की खरीद-बिक्री रिकॉर्ड में मिली गड़बड़ी

दुर्ग। नारकोटिक और साइकोट्रॉपिक औषधियों की खरीद-बिक्री पर निगरानी रखने के लिए खाद्य और औषधि प्रशासन दुर्ग तथा नारकोटिक नियंत्रण विभाग रायपुर की संयुक्त टीम ने दुर्ग और भिलाई के पांच मेडिकल स्टोरों की जांच की। सोमवार को की गई इस कार्रवाई में दो मेडिकल स्टोरों में अनियमितताएं सामने आईं। विभाग के अनुसार, इन दुकानों में दवाओं की खरीद-बिक्री के रिकॉर्ड नियमानुसार नहीं पाए गए और पंजीकृत फार्मासिस्ट भी अनुपस्थित मिले। संबंधित संचालकों के विरुद्ध औषधि एवं प्रसाधन सामग्री नियमावली, 1945 के तहत कार्रवाई की जाएगी। जांच के दौरान भिलाई के कैंप-01 स्थित सड़क-18 के मेसर्स जनता मेडिकल स्टोर्स और पावर हाउस के शास्त्री मार्केट स्थित मेसर्स देवांगन मेडिकल स्टोर्स में नियमों का पालन नहीं पाया गया। दोनों मेडिकल स्टोरों में नारकोटिक और साइकोट्रॉपिक दवाओं के क्रय-विक्रय संबंधी रिकॉर्ड निर्धारित नियमों के अनुरूप नहीं थे। पंजीकृत फार्मासिस्ट भी अनुपस्थित पाए गए। विभाग ने स्पष्ट किया कि इन अनियमितताओं के संबंध में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

टेलर दुकान में लगी आग

भिलाई। टेलर दुकान में अचानक आग लग जाने से लाखों रुपए का सामान जलकर खाक हो गया है। मिली जानकारी के मुताबिक सेक्टर 6 सी मार्केट के टेलर एवं कपड़े दुकान में आग लग गई। सूचना पर करीब डेढ़ घंटे लेट दमकल की टीम पहुंची। तेज आग से टेलर दुकान में आग से कई कपड़े जल गए। आगजनी में बीएसपी का दमकल भी देर से पहुंचा था। समय पर दमकल पहुंचती तो कई सामान जलने से बच जाता। लेकिन देर होने से टेलर दुकान का सारा कपड़ा जलकर खाक हो गया।

संचालक पदों के लिए 2 नामांकन 12 को मतदान

भिलाई। बीएसपी कर्मचारी दैनिक यात्री सहकारी सायकल एवं स्कूटर स्टैण्ड, भिलाई पावर हाउस दुर्ग के निर्वाचन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। राज्य सहकारी निर्वाचन के आदेश के तहत समिति के संचालक मंडल के चुनाव के लिए निर्वाचन कार्यक्रम जारी कर दिया है। रिटर्निंग अधिकारी पारूल श्रीवास्तव ने बताया कि समिति के संचालक मंडल में कुल 9 सदस्यों का निर्वाचन किया जाना है। इनमें सामान्य वर्ग के 6 पद (इसमें से महिला वर्ग हेतु आरक्षित 2 पद), अन्य पिछड़ा वर्ग के 2 तथा अनुसूचित जाति वर्ग का 1 पद शामिल है। अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए कोई पद निर्धारित नहीं है। वहीं 2 नवम्बर को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक संस्था कार्यालय पावर हाउस में नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी, जबकि 3 नवम्बर को नामांकन पत्रों की संवीक्षा में एवं वैध नामांकन पत्रों की सूची का प्रकाशन होगा। 4 नवम्बर को प्रातः 11 बजे से 12 बजे तक संस्था कार्यालय पावर हाउस में नामांकन पत्रों की वापसी, उम्मीदवारों के सूची का प्रकाशन एवं चुनाव चिन्हों आबंटन किया जाएगा। 12 नवम्बर को प्रातः 11 बजे से 1 बजे तक कार्यालय में मतदान होगा।

बेमेतरा जिले में बदला मौसम का मिजाज, धान की फसल पर मंडराया संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में मंगलवार को मौसम का मिजाज बदलने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। सुबह से ही आसमान में काले बादल छाए रहे और कई क्षेत्रों में हल्की बूंदाबांदी हुई। मौसम में आए इस बदलाव से खेतों में पककर तैयार खड़ी धान की फसल पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। बारिश और तेज हवाओं की आशंका के बीच किसानों को अपनी महीनों की मेहनत पर पानी फिरने का डर सता रहा है। बेमेतरा जिले में इस समय धान की फसल पककर तैयार हो रही है। कई स्थानों पर किसान कटाई की तैयारी में जुटे हैं। ऐसे समय में बारिश और तेज हवाओं का दौर फसल के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है। तेज हवा चलने से धान की फसल खेतों में गिरने और बारिश से उसकी गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका है। इससे किसानों की उपज और आर्थिक स्थिति पर असर पड़ सकता है। मौसम में अचानक आए बदलाव के कारण किसानों की निगाहें अब आसमान पर टिकी हैं। किसानों को आशंका है कि यदि बारिश और आंधी-तूफान की स्थिति बनती है, तो धान की कटाई में देरी के साथ उपज को सुरक्षित रखने में भी परेशानी हो सकती है।

- पककर तैयार धान की फसल को नुकसान की आशंका

काले बादलों और बूंदाबांदी से किसानों की बढ़ी चिंता

मौसम साफ होने की उम्मीद में किसान

जिले के किसान और ग्रामीण अब मौसम के जल्द सामान्य होने की उम्मीद कर रहे हैं, ताकि धान की फसल को सुरक्षित रखा जा सके और दीपावली की तैयारियां भी समय पर पूरी हो सकें। फिलहाल मौसम में आए बदलाव ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। आने वाले दिनों में मौसम का रुख जिले की कृषि गतिविधियों के लिए महत्वपूर्ण रहेगा।



दीपावली की तैयारियों पर भी असर

मौसम परिवर्तन का असर दीपावली की तैयारियों पर भी पड़ने की आशंका है। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में लोग घरों की साफ-सफाई, मरम्मत और लिपाई-पोताई में जुटे हैं। मिट्टी के घरों की छबाई और रंग-रोगन का काम कर रही महिलाओं को बारिश के कारण परेशानी हो सकती है। वहीं, नमी बढ़ने से घरों की सजावट और अन्य तैयारियां भी प्रभावित होने की संभावना है।

कार्रवाई : बैंक खाते और एटीएम कार्ड किराए पर देकर साइबर ठगी में सहयोग करने का आरोप

म्यूल बैंक खातों से 42.71 लाख रुपए का लेनदेन, चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

साइबर ठगी के मामलों पर अंकुश लगाने बेमेतरा पुलिस ने म्यूल बैंक खातों के जरिए अवैध लेनदेन के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में तीन खाताधारकों के चार बैंक खातों से कुल 42 लाख 71 हजार 94 रुपये के लेनदेन का पता चला है।

आरोपियों पर बैंक खाते और एटीएम कार्ड उपलब्ध कराकर साइबर ठगी की रकम प्राप्त करने में सहयोग करने का आरोप है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया है। थाना बेरला पुलिस को ग्राम बोरिया क्षेत्र में म्यूल बैंक खातों के इस्तेमाल की जानकारी मिली थी। इसके बाद बैंक खातों की जांच कर संबंधित आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना की गई। ▶▶| शेष पेज09 पर



खाते देने के बदले लिए पैसे

पुलिस के अनुसार, मामले की जांच में सामने आया कि पीयूष टंडन की पहचान भिलाई के सुपेला क्षेत्र में एक होटल में काम करने के दौरान अभिषेक दुर्गा से हुई थी। आरोप है कि अभिषेक ने बैंक खाते और एटीएम कार्ड उपलब्ध कराने के बदले पैसे देने का प्रस्ताव दिया था। इसके बाद पीयूष टंडन ने अपना बैंक खाता 6 हजार रुपये में और प्रेमसागर टंडन ने अपना बैंक खाता 3 हजार रुपये में उपलब्ध कराया। वहीं, तुषार बंजारे ने पंजाब नेशनल बैंक और बंधन बैंक के खाते उपलब्ध कराए, जिसके बदले उसे 2,500 रुपये मिलने की बात सामने आई है।

चार खातों से हुआ लाखों का लेनदेन

बैंक से प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीयूष टंडन के बैंक ऑफ इंडिया खाते से 3,42,813 रुपये, प्रेमसागर टंडन के पंजाब नेशनल बैंक खाते से 12,59,815 रुपये, तुषार बंजारे के पंजाब नेशनल बैंक खाते से 16,99,532 रुपये और बंधन बैंक खाते से 9,68,934 रुपये का लेनदेन पाया गया। पुलिस के मुताबिक, इन खातों से कुल 42,71,094 रुपये का संदिग्ध लेनदेन हुआ है। बैंक रिकॉर्ड में यह लेनदेन वर्ष 2024 की अवधि से संबंधित बताया गया है।

म्यूल बैंक खातों से साइबर ठगी का मामला, छह आरोपी गिरफ्तार



बेमेतरा। साइबर ठगी के मामलों में म्यूल बैंक खातों के इस्तेमाल पर कार्रवाई करते हुए बेमेतरा पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि संबंधित बैंक खातों का उपयोग साइबर ठगी से प्राप्त रकम जमा करने और उसके लेनदेन के लिए किया जा रहा था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से छह एंड्रॉयड मोबाइल फोन जब्त किए हैं, जिनकी कीमत करीब 30 हजार रुपए बताई गई है। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

बैंक खातों की जांच में सामने आया संदिग्ध लेनदेन

देवरबीजा चौकी पुलिस को सूचना मिली थी कि बैंक ऑफ महाराष्ट्र की देवरबीजा शाखा और आईडीबीआई बैंक की बेमेतरा शाखा के कुछ खातों में साइबर ठगी से प्राप्त रकम जमा की जा रही है। इसके बाद पुलिस ने संबंधित बैंकों से खातों का विवरण प्राप्त कर जांच की। पुलिस के अनुसार, 16 नवंबर 2024 से 23 फरवरी 2025 के बीच अलग-अलग तिथियों में संबंधित खातों में संदिग्ध लेनदेन पाया गया। प्रारंभिक जांच में कुल 2 लाख 15 हजार 439 रुपए की रकम संदिग्ध पाई गई। खातों के खुलने से लेकर अंतिम लेनदेन तक के विवरण की जांच में भी बड़ी रकम के लेनदेन की जानकारी मिली। मामले में पुलिस ने भारतीय ▶▶| शेष पेज 09 पर

नवागढ़ में अवैध शराब परिवहन करते एक आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/ नवागढ़

अवैध शराब की बिक्री और परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए नवागढ़ पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 31 पौवा देशी प्लेन शराब, कुल 5,580 मिलीलीटर, तथा परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त की गई है। जब्त सामग्री की कुल कीमत 34,480 रुपए बताई गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत अपराध दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की है।

- 31 पौवा देशी शराब और बाइक सहित 34,480 रुपए का सामान जब्त

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 26 अक्टूबर को नवागढ़ पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति मोटरसाइकिल में अवैध रूप से शराब लेकर शराब भट्ठी से नवागढ़ बस्ती की ओर जा रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और जितेन्द्र साहू (34), निवासी वार्ड क्रमांक 13 नवागढ़, को शराब का अवैध परिवहन करते पकड़ा।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 31 पौवा देशी प्लेन शराब, जिसकी कीमत 2,480 रुपए है, और मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 07 एएच 6375, जिसकी कीमत लगभग 32 हजार रुपए है, जब्त की। कुल जब्ती की कीमत 34,480 रुपए आंकी गई है। नवागढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक दुलेश्वर चंद्रवंशी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया। कार्रवाई में प्रधान आरक्षक हेमंत साहू, आरक्षक राजेन्द्र साहू, राज आडिल और ओंकार निर्मलकर सहित नवागढ़ थाना पुलिस स्टाफ का योगदान रहा। पुलिस ने अवैध शराब, गांजा, नशीले पदार्थों, जुआ और सट्टा सहित अन्य आपराधिक गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई जारी रखने की बात कही है।

राष्ट्रीय कबड्डी में डीएवी जांता का डंका, अंडर-17 टीम ने जीता स्वर्ण पदक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल, जांता की अंडर-17 बालक कबड्डी टीम ने राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर जिले का मान बढ़ाया है।

- दिल्ली में दमदार प्रदर्शन, उत्तराखंड, पंजाब, झारखंड और उत्तर प्रदेश को हराकर फाइनल में बनाई जगह

दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दमदार खेल, बेहतर तालमेल और अनुशासन का परिचय देते हुए यह उपलब्धि हासिल की। टीम की इस सफलता से विद्यालय सहित पूरे जिले में खुशी का माहौल है।

प्रतियोगिता में डीएवी जांता की टीम ने गोपाल साहू और लिखेश चंद्राकर के शानदार प्रदर्शन के दम पर उत्तराखंड, पंजाब, झारखंड और उत्तर प्रदेश की टीमों को पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। इसके बाद निर्णायक मुकाबले में भी बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए टीम ने स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। खिलाड़ियों ने कठिन प्रतिस्पर्धा के बीच अपनी खेल प्रतिभा और जुझारूपन से सभी का ध्यान आकर्षित किया।

पहले भी कबड्डी में हासिल कर चुके हैं उपलब्धि

डीएवी जांता के खिलाड़ियों ने इससे पहले भी कबड्डी प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विद्यालय की अंडर-14 बालक कबड्डी टीम भी विजेता बन चुकी है। वहीं, अंडर-17 वर्ग के एक खिलाड़ी ने छत्तीसगढ़ की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर विजेता बनने का गौरव हासिल किया है। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार, पूर्व में प्रतिभावान खिलाड़ियों को छात्रवृत्ति प्रदान की गई थी और इस उपलब्धि के लिए भी खिलाड़ियों को छात्रवृत्ति दिए जाने की बात कही गई है।

प्राचार्य ने खिलाड़ियों और प्रशिक्षक को दी बधाई

विद्यालय के प्राचार्य पी.एल. जायसवाल ने स्वर्ण पदक विजेता टीम के सभी खिलाड़ियों, गोपाल साहू, लिखेश चंद्राकर, खेल प्रभारी अकलेश पटेल और अभिभावकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक हासिल करना विद्यालय के लिए गौरव का विषय है। यह सफलता खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन, समर्पण और निरंतर अभ्यास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में शिक्षा के साथ खेल प्रतिभाओं को भी प्रोत्साहित ▶▶| शेष पेज 09 पर

14वें दिन भी मांगों पर अड़े पटवारी, किसान और कर्मचारी संगठनों ने दिया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे राजस्व पटवारी संघ का अनिश्चितकालीन हड़ताल मंगलवार को 14वें दिन भी जारी रहा। जय स्तंभ चौक स्थित धरना स्थल पर पटवारी अपनी मांगों के समर्थन में डटे रहे। आंदोलन को छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन, छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक संघ और छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने समर्थन देते हुए शासन से मांगों का शीघ्र निराकरण करने की मांग की।

- जय स्तंभ चौक पर जारी है अनिश्चितकालीन हड़ताल



पटवारी 13 अक्टूबर से पीवी ऐप के बहिष्कार, वेतन विसंगति दूर करने और पदोन्नति की मांग को लेकर हड़ताल पर हैं। संघ का कहना है कि अब तक शासन-प्रशासन की ओर से ठोस पहल नहीं किए जाने से पटवारियों में नाराजगी है। वहीं, हड़ताल के चलते राजस्व संबंधी कार्य प्रभावित हो रहे हैं। छात्र, किसान और आम नागरिक अपने जरूरी कामों के लिए तहसील कार्यालयों के चक्कर काट रहे हैं। इसके बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

किसानों ने कहा, जरूरत पड़ी तो सड़क पर उतरेंगे: छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन के जिला अध्यक्ष राम सहाय वर्मा और महासचिव पंचम साहू ने धरना स्थल पहुंचकर पटवारी संघ को लिखित समर्थन दिया। राम सहाय वर्मा ने कहा कि पटवारी किसानों के ▶▶| शेष पेज 09 पर

उत्सव डेयरी में 150 लीटर अमानक दूध नष्ट, खाद्य विभाग की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

दीपावली के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा विभाग ने जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांचने के लिए सघन अभियान शुरू किया है। इसी कड़ी में बेरला स्थित उत्सव डेयरी के औचक निरीक्षण के दौरान अमानक पाए गए लगभग 150 लीटर दूध को मौके पर नियमानुसार नष्ट कराया गया। विभाग ने खाद्य पदार्थों में मिलावट और गुणवत्ता संबंधी अनियमितताओं पर कार्रवाई तेज कर दी है। विभाग के अनुसार, जिले के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों से पनीर, साबूदाना, सेवई, खाद्य तेल, बिस्किट, मसाले और मिठाइयों के कुल 12 नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। इसके साथ ही होटल, ढाबा, डेयरी और मिठाई दुकानों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। अमानक पाए गए खाद्य पदार्थों से संबंधित प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किए जा रहे हैं।

- त्योहारी सीजन में तीन चरणों में चल रहा सघन जांच अभियान

खाद्य प्रतिष्ठानों को दिए निर्देश

खाद्य सुरक्षा विभाग ने कारोबारियों को स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा मानकों ▶▶| शेष पेज 09 पर

खरीदी केंद्रों में सुविधाएं पूरी करने के निर्देश

धान खरीदी की तैयारियों की समीक्षा, बिचौलियों और धान रिसाइक्लिंग पर सख्ती के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रशिक्षण-सह-समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में खरीदी केंद्रों की तैयारियों की समीक्षा करते हुए बिचौलियों, अवैध धान परिवहन और धान रिसाइक्लिंग पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए गए।

बैठक में अपर कलेक्टर अनिल सिन्हा सहित राजस्व, खाद्य, कृषि, सहकारिता विभाग, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक और मार्कफेड के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। जिले की सभी सहकारी समितियों के प्रबंधक और कंप्यूटर ऑपरेटर भी शामिल हुए। कलेक्टर ने कहा कि धान खरीदी शासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार



की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिले के बाहर से अवैध धान की आवक, अवैध भंडारण और रिसाइक्लिंग की आशंका पर सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। शिकायत मिलने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। कलेक्टर ने खरीदी शुरू होने से पहले सभी उपार्जन केंद्रों में बारदाना, इलेक्ट्रॉनिक कांटा-बांट, नमी मापक यंत्र, कंप्यूटर, इंटरनेट, बिजली और पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। किसानों के बैठने के लिए छायादार स्थान और धान के सुरक्षित भंडारण की व्यवस्था भी अनिवार्य रूप से पूरी करने के निर्देश दिए गए। समिति प्रबंधकों और कंप्यूटर ऑपरेटरों को पंजीकृत किसानों की जानकारी, धान की तौल और ऑनलाइन प्रविष्टि निर्धारित नियमों के अनुसार सावधानीपूर्वक करने को कहा गया। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि किसी भी पात्र किसान को खरीदी केंद्र में असुविधा नहीं होनी चाहिए।

समन्वय से होगी खरीदी प्रक्रिया

बैठक में अधिकारियों को बिचौलियों की गतिविधियों और खरीदी में संभावित गड़बड़ियों पर प्रभावी नियंत्रण रखने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए धान खरीदी प्रक्रिया को सफल, सुचारू और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने पर जोर दिया।

खबर संक्षेप

2 नवंबर को मनेगा राज्योत्सव, नोडल नियुक्त

दुर्ग। जिले में राज्योत्सव कार्यक्रम पुरानी गंजमंडी में 2 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। इसके लिए कलेक्टर अभिजीत सिंह ने संचालन समिति का गठन किया गया है। एक दिवसीय राज्योत्सव के लिए तीन सदस्यीय कार्यक्रम संचालन समिति का गठन किया गया है। उपयुक्त समिति में जिला पंचायत दुर्ग के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग कुमार दुबे, अपर कलेक्टर वीरेंद्र सिंह एवं अपर कलेक्टर खेमलाल वर्मा शामिल हैं। अपर कलेक्टर वीरेंद्र सिंह को संपूर्ण कार्यक्रम हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। अपर कलेक्टर श्री खेमलाल वर्मा एवं अनुविभागीय अधिकारी प्रफुल्ल कुमार गुप्ता को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा विभिन्न अधिकारियों को अलग-अलग दायित्व सौंपे गए हैं।

वीरा का शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता में चयन

दुर्ग। सेजस तितुरडीह स्कूल दुर्ग की छात्रा वीरा ठाकुर का राज्य शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। बता दें कि 26 वीं राज्य स्तरीय शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता 26 अक्टूबर से खैरागढ़ में आयोजित हो रही है। विद्यालय के कक्षा 6 वीं में अध्ययनरत छात्रा वीरा बालिका 14 वर्ष आयु वर्ग की फुटबॉल प्रतियोगिता में दुर्ग संभाग की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी। वीरा रविशंकर स्टेडियम में प्रशिक्षक मुकेश श्रीवास्तव और मीनाक्षी नेताम के मार्गदर्शन में खेल का नियमित अभ्यास कर रही हैं। विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य, एस त्रिवेदी, चरनजीत कौर भुल्लर, राजेश मारू, गीता पिल्लई, कनक लता वैद्य, उज्जवला भोंदले, एस कला, डॉ. नवनीत कौर नारद, अनुपमा मेश्राम, श्रद्धा गेडाम, अनुपमा जान, स्वीटी वर्मा, सुमन साहू, नुसरत फातिमा, इबरत आफरीन, यामिनी साहू, मनीषा सैमसंग, ईश्वरी कोसरे, मार्टिना ठाकुर आदि ने शुभकामनाएं दी है।



1.38 करोड़ से लगेंगे 200 से ज्यादा बिजली पोल और 10 नए ट्रांसफार्मर

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

शहर के 60 वार्डों और नई विकसित हो रही बस्तियों एवं कॉलोनियों में विद्युत व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए केबिनेट मंत्री एवं विधायक गजेन्द्र यादव की पहल पर मुख्यमंत्री शहरी विद्युतीकरण योजना के अंतर्गत महत्वपूर्ण स्वीकृति मिली है। दुर्ग नगर संभाग में विद्युत विस्तार कार्यों के लिए 4.25 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है, जिसमें दुर्ग विधानसभा क्षेत्र के लिए 1.38 करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके तहत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में 200 से अधिक नए विद्युत पोल लगाने के साथ 10 नए ट्रांसफार्मर स्थापित किए जाएंगे। साथ ही आवश्यकता के अनुसार विद्युत लाइन विस्तार और पोल शिफ्टिंग के कार्य भी किए जाएंगे। शहर के नागरिकों, पार्षदों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा लगातार नई बस्तियों और कॉलोनियों में बिजली के पोल एवं लाइन विस्तार की मांग की जा रही थी। कई क्षेत्रों में आबादी बढ़ने के बावजूद विद्युत अधोसंरचना के विस्तार की आवश्यकता बनी हुई थी। नागरिकों की इन समस्याओं को संज्ञान में लेते हुए मंत्री गजेन्द्र यादव ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। इसके बाद विभागीय इंजीनियरों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों का स्थल निरीक्षण कर आवश्यक कार्यों की प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई।

मंत्री गजेंद्र यादव की पहल पर मुख्यमंत्री शहरी विद्युतीकरण योजना के तहत मिली स्वीकृति

व्यवस्था सुधारने ईई को निर्देश

केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने विद्युत विभाग के सभी जोन के कार्यपालन अभियंताओं को नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा आवश्यकतानुसार विद्युत पोल, लाइट और अन्य सुविधाओं में सुधार करने के निर्देश दिए हैं। दुर्ग जिला मुख्यालय होने के कारण शहर में जिलेभर से लोगों का आवागमन होता है। ऐसे में सड़कों एवं बस्तियों में बेहतर प्रकाश व्यवस्था और सुचारु विद्युत आपूर्ति नागरिकों की सुविधा एवं सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण है।



10 नए ट्रांसफार्मर से विद्युत लोड की समस्या होगी दूर

स्वीकृत कार्यों के अंतर्गत दुर्ग विधानसभा क्षेत्र में 10 नए ट्रांसफार्मर स्थापित किए जाएंगे। इससे संबंधित क्षेत्रों में विद्युत लोड की समस्या कम करने और बिजली व्यवस्था को अधिक सुचारु बनाने में मदद मिलेगी। वहीं, नई विकसित कॉलोनियों में विद्युत लाइन विस्तार होने से रहवासियों को लंबे समय से हो रही परेशानियों से राहत मिलेगी। गजेन्द्र यादव ने कहा कि दुर्ग शहर के आउटर क्षेत्रों में विकसित हो रही कॉलोनियों में विद्युत लाइन विस्तार की मांग लंबे समय से की जा रही थी। नागरिकों की आवश्यकताओं को प्राथमिकता देते हुए इन कार्यों की स्वीकृति दिलाई गई है। हमारा प्रयास है कि शहर के प्रत्येक वार्ड में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार हो और नागरिकों को बेहतर विद्युत व्यवस्था का लाभ मिले।

भिलाई और दुर्ग भाजयुमो ने रैली निकालकर दर्ज कराया विरोध

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष का भाजयुमो ने फूंका पुतला, कहा- कांग्रेस नेताओं में दिख रही हताशा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई/दुर्ग

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा पटना में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिता के संबंध में की गई कथित अभद्र टिप्पणी के विरोध में भाजयुमो ने पटेल चौक में पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि बयान राजनीतिक मर्यादाओं का उल्लंघन है। कांग्रेस नेताओं द्वारा पूर्व में भी आपत्तिजनक टिप्पणियां की गई हैं। कांग्रेस के भीतर की हताशा और खीझ अब उसके नेताओं की जुबान से सामने आने लगी है। लोकतंत्र में राजनीतिक मतभेद हो सकते हैं, लेकिन किसी के परिवार को निशाना बनाकर। कार्यक्रम में महापौर अलका बाघमार, मन की बात कार्यक्रम के जिला संयोजक संतोष सोनी, विनोद अरोरा, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, शिवेंद्र परिहार, मनोज सोनी, अशोक राठी, पवन शर्मा, गिरेश साहू सहित अन्य मौजूद थे। सकारात्मक चर्चा करने के बजाय व्यक्तिगत टिप्पणियों का सहारा लेने की प्रवृत्ति दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और उनके परिवार के विरुद्ध की जाने वाली ऐसी टिप्पणियों का जनता लोकतांत्रिक तरीके से जवाब देती रही है। कांग्रेस को अपनी भाषा और व्यवहार में संयम रखते हुए राजनीतिक शुचिता का पालन करना चाहिए।

इस अवसर पर भाजयुमो अध्यक्ष हिमांशु सिंह ने कहा कि बयान देश की राजनीतिक संस्कृति का अपमान है। राजनीति में विचारों और नीतियों के आधार पर विरोध होना चाहिए, न कि किसी के परिवार को निशाना बनाकर। कार्यक्रम में महापौर अलका बाघमार, मन की बात कार्यक्रम के जिला संयोजक संतोष सोनी, विनोद अरोरा, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, शिवेंद्र परिहार, मनोज सोनी, अशोक राठी, पवन शर्मा, गिरेश साहू सहित अन्य मौजूद थे।

दुर्ग में पटेल चौक और भिलाई में सिरसा चौक में प्रदर्शन



भिलाई में सिरसा चौक पर कार्यकर्ताओं ने की नारेबाजी

भिलाई। भाजयुमो ने भिलाई-3 स्थित सिरसा गेट चौक पर पुतला दहन कर प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर आयोजित कार्यक्रम का नेतृत्व भाजयुमो जिला अध्यक्ष सौरभ जायसवाल ने किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर अपना विरोध दर्ज कराया। जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने कहा कि राजनीतिक आलोचना तथ्यों, तर्कों और जनहित पर आधारित होनी चाहिए। लोकतंत्र में वैचारिक मतभेद स्वाभाविक हैं और विपक्ष को सरकार की नीतियों की आलोचना करने का पूरा अधिकार है, लेकिन सार्वजनिक संवाद में भाषा की मर्यादा बनाए रखना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत टिप्पणियों के बजाय नीतियों और विचारों पर चर्चा करना लोकतांत्रिक परंपराओं के अनुरूप है। सभी राजनीतिक दलों और जनप्रतिनिधियों को सार्वजनिक जीवन में शालीनता एवं संयम बनाए रखना चाहिए। भारतीय लोकतंत्र की मजबूती विचारों की विविधता, असहमति के सम्मान और स्वस्थ बहस में निहित है। राजनीतिक प्रतिस्पर्धा लोकतंत्र का अभिन्न हिस्सा है, लेकिन इसे मर्यादित संवाद के दायरे में बनाए रखना सभी दलों की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर भाजयुमो के जिला अध्यक्ष सौरभ जायसवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, महामंत्री मनीष अग्रवाल, सुषमा जेठानी, मनोज तिवारी, चिन्ना, परास जंघेल, खिलावन साहू, राधेश्याम वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।



लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ के तहत 31 को पदयात्रा



दुर्ग। भारतीय जनता पार्टी द्वारा लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आगामी 31 अक्टूबर को पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा। बैठक में पदयात्रा के सफल आयोजन को लेकर विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान पदयात्रा के रूट मैप, कार्यक्रम की रूपरेखा तथा कार्यकर्ताओं को विभिन्न दायित्व सौंपने के संबंध में विचार-विमर्श किया गया। साथ ही कार्यक्रम के बेहतर समन्वय और व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक तैयारियों पर भी चर्चा हुई। अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा किलोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ कार्यक्रम का उद्देश्य पार्टी की ओर से एसआईआर की प्रक्रिया को लेकर जनता के बीच संवाद स्थापित करना तथा इससे संबंधित विषयों पर जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि पदयात्रा के माध्यम से आम नागरिकों तक कार्यक्रम का संदेश पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम की तैयारियों में सक्रिय सहभागिता निभाने और आपसी समन्वय के साथ पदयात्रा को सफल बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की जिला संयोजिका अलका बाघमार, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, विनोद अरोरा, सरिता मिश्रा, शिवेंद्र परिहार सहित अन्य मौजूद थे।

देश का ध्यान भटकाने में जुटे हैं कांग्रेसी : नितेश

दुर्ग। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिता के संदर्भ में दिए गए आपत्तिजनक बयान का कड़ा विरोध करते हुए भाजपा जिला प्रवक्ता नितेश साहू ने कहा कि कांग्रेस की राजनीति अब वैचारिक दिवालियापन और अमर्यादित भाषा के स्तर तक पहुंच गई है। देश के प्रधानमंत्री के प्रति इस तरह की भाषा का प्रयोग करना न केवल निंदनीय है, बल्कि कांग्रेस की राजनीतिक संस्कृति और उसके नेतृत्व की सोच को भी उजागर करता है। नितेश साहू ने कहा कि खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे वाली कहावत आज कांग्रेस की राजनीतिक स्थिति पर सटीक बैठती है। जनता का विश्वास खो चुकी कांग्रेस अब अपनी हताशा में मर्यादाओं को भी भूलती जा रही है।



उच्च शिक्षा में नवाचार के लिए राष्ट्रीय कार्यशाला 25 से 27 दिसंबर तक

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन, उच्च शिक्षा में नवाचार और शिक्षा के विभिन्न आयामों पर व्यापक विमर्श के लिए श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी

- 300 से ज्यादा विशेषज्ञ आयोजन में जुटेंगे

में 25, 26 और 27 दिसंबर को तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला एवं कार्यकर्ता विकास वर्ग का आयोजन किया जाएगा। शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, नई दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में देशभर से लगभग 300 कार्यकर्ताओं की सहभागिता प्रस्तावित है। कार्यशाला में शिक्षाविद्, विषय विशेषज्ञ और शिक्षा क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन की संभावनाओं पर विचार-विमर्श करेंगे।



कार्यशाला की तैयारियों के संबंध में आयोजित बैठक में श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति आईपी मिश्रा ने कहा कि कार्यशाला का प्रमुख उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की मूल भावना के अनुरूप बहुविषयक शिक्षा को प्रोत्साहित करना और विभिन्न ज्ञान-विषयों के बीच समन्वय स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि शिक्षा नीति के उद्देश्यों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए विभिन्न शैक्षणिक आयामों पर सार्थक चर्चा और व्यावहारिक पहल आवश्यक है। बैठक में विश्वविद्यालय के डायरेक्टर विकास डॉ. सुशील चंद्र तिवारी, कुलसचिव डॉ. वैभव तिवारी, डॉ. स्वर्णली दास पॉल, डॉ. धनेश जोशी, पल्लवी सिंघाड़े, डॉ. गुरमीत और डॉ. अभिषेक सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, नई दिल्ली के राष्ट्रीय सचिव डॉ. अतुल कोठारी ने भी अपने विचार रखे। सह-संयोजक ओमप्रकाश शर्मा ने कार्यकर्ता विकास वर्ग के प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी दी। डॉ. संजय स्वामी ने कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में बताया। बैठक में आईआईटी के निदेशक डॉ. राजीव प्रकाश, डॉ. अतुल सराफ, रांची से डॉ. पियुष रंजन, जबलपुर से डॉ. निलेश पांडे, औरंगाबाद से डॉ. विशाला शर्मा, कानपुर से डॉ. सुमित गुप्ता और रायपुर से डॉ. दिलीप केशरवानी सहित अन्य प्रतिनिधि शामिल हुए।

चुनाव की तैयारियों को लेकर बैठक में हुई चर्चा

भिलाई। भिलाई नगर निगम के आगामी चुनाव की तैयारियों और संगठनात्मक रणनीति को लेकर भाजपा पश्चिम मंडल की बैठक महाराणा प्रताप भवन सेक्टर 7 में आयोजित की गई। बैठक में मंडल के समस्त पदाधिकारियों, मोर्चा अध्यक्षों एवं महामंत्रियों, प्रकोष्ठ संयोजकों एवं सहसंयोजकों व शक्ति केंद्र प्रभारी, संयोजक, सहसंयोजक व बूथों के बीएलए-2 की उपस्थिति में विभिन्न संगठनात्मक विषयों चर्चा हुई। साथ ही आगामी नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियों, मतदाता पुनर्निरीक्षण, बूथ समिति के गठन, संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने व मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, त्रुटिपूर्ण नामों में सुधार व नियमानुसार नाम विलोपित कराने से संबंधित जानकारी घर-घर तक पहुंचाने पर चर्चा की गई। बैठक में इन्द्रजीत सिंह खालसा, संजय दानी, चंद्रकांता मांडले, रामकुमार गुप्ता, मनीष पांडे आदि उपस्थित थे। अध्यक्षीय भाषण मंडल अध्यक्ष गोल्डी सोनी और मंच संचालन महामंत्री बी पद्मनाभन, आभार महामंत्री ऋतुराज शर्मा ने किया।

देश की प्रगति और विकास में योगदान के लिए युवाओं की जिम्मेदारी महत्वपूर्ण, किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

मेरा युवा भारत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तत्वावधान में सोमवार को साइंस कॉलेज में युवा संवाद का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम ने युवा नागरिकों और जनप्रतिनिधियों को

- साइंस कॉलेज में युवा संवाद का आयोजन

लोकतांत्रिक जागरूकता को बढ़ावा देने, सूचित भागीदारी को प्रोत्साहित करने और राष्ट्र-निर्माण में युवाओं की भूमिका को उजागर करने के लिए एक साझा मंच पर एक साथ लाया गया। कार्यक्रम में 300 से अधिक छात्रों और युवा नागरिकों ने भाग लिया।

राष्ट्रव्यापी विकसित भारत युवा संवाद पहल के तहत 5 नवंबर तक 500 विश्वविद्यालयों, कॉलेजों और संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में दुर्ग नगर निगम महापौर अल्का बाघमार शामिल हुई। कार्यक्रम में





नेटबॉल मीशा कुमारी, खो-खो के अंकुश सिंह, दीपांशु नेताम सहित खेल आइकन व युवा आइकन उपस्थित रहे। इनकी सहभागिता से कार्यक्रम में सार्वजनिक नेतृत्व, खेलों में उत्कृष्टता और युवाओं की आकांक्षाओं से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विचार करने का अवसर मिला। बाघमार ने युवाओं की सक्रिय सहभागिता का आव्हान किया और विस्तारपूर्वक एसआईआर के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में महापौर द्वारा एसआईआर एवं मतदान से संबंधित युवाओं के प्रश्नों का जवाब दिया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण छात्रों और महापौर के बीच एक संवादात्मक बातचीत थी। कार्यक्रम का समापन लोकतांत्रिक शपथ के साथ हुआ। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य अजय कुमार सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम मे माय भारत से उपनिदेशक नितिन शर्मा, दुर्ग के युवा अधिकारी क्षितिज, ढाल सिंह साहू एवं माय भारत स्वयंसेवक योगेश साहू, मृदुल निर्मल, निखिल कुमार आदि मौजूद थे।

युवाओं की सहभागिता है आवश्यक

युवा संवाद पहल युवाओं को लोकतांत्रिक संस्थाओं के करीब लाकर, युवा संवाद एक ऐसी पीढ़ी बनाने का प्रयास करता है जो न केवल देश की प्रगति के बारे में जागरूक है बल्कि इसमें सक्रिय रूप से योगदान भी देती है। यह पहल युवा शक्ति को राष्ट्र-निर्माण के केंद्र में रखती है, जो युवा नागरिकों को अपने विचारों, आकांक्षाओं और जिम्मेदारी की भावना को विकसित भारत-2047 की दिशा में सार्थक योगदान में बदलने के लिए प्रोत्साहित करती है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने पर हुआ आयोजन

वंदेमातरम के उद्घोष की सुमधुर और वीर रस से भरी ध्वनियों के बीच स्वयं सेवकों ने किया पथ संचलन, जाना अपना इतिहास

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर दुर्ग के विवेकानंद उपनगर में युगाब्ध 5128 विजयादशमी उत्सव एवं पथ संचलन का आयोजन किया गया। सैकड़ों स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में अनुशासित कदमताल करते हुए भाग लिया, जिसे देखने और स्वागत करने के लिए समूचा क्षेत्र राष्ट्रभक्ति के रंग में सराबोर हो गए। शताब्दी वर्ष के विशेष उत्साह के साथ आयोजित इस पथ संचलन में विवेकानंद उपनगर के कोने-कोने से सैकड़ों स्वयंसेवक सम्मिलित हुए। घोष की सुमधुर और वीर रस से भरी ध्वनियों के बीच स्वयंसेवकों का अनुशासित संचलन जिस मार्ग से भी गुजरा, वहां का वातावरण जय श्रीराम और भारत माता की जय, वंदेमातरम् के उद्घोष से गुंजायमान हो उठा। तरुण, बाल और वरिष्ठ स्वयंसेवकों का यह संगम राष्ट्र प्रथम की भावना को प्रदर्शित कर रहा था। पथ संचलन के स्वागत के लिए वार्ड 53 और 54 के वार्डवासी, मातृशक्ति और युवा वृंद सड़कों पर उमड़ पड़े। जैसे ही स्वयंसेवकों का कारवां आगे बढ़ा, नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर और आरती उतारकर उनका आत्मीय अभिनंदन किया। यह दृश्य समाज और संघ के अटूट रिश्ते को परिलक्षित कर रहा था।



वक्ताओं ने 100 वर्ष के इतिहास से कराया अवगत

वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में संघ के 100 वर्षों की यात्रा, राष्ट्र निर्माण में स्वयंसेवकों के अवदान और समरस समाज के निर्माण पर बल देते हुए पंच परिवर्तन विषयक उद्बोधन दिए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मातृशक्ति, युवा और तरुण बालक-बालिकाएं राष्ट्रभक्ति के इस महायज्ञ के साक्षी बने। कार्यक्रम को सुचारू और अनुशासित ढंग से संपन्न कराने में स्थानीय व्यवस्थाओं का विशेष योगदान रहा। इसके लिए शासन-प्रशासन और स्थानीय निकाय द्वारा कराए गए कार्यों का आभार व्यक्त किया गया।

विविध संगठनों एवं स्वदेशी जागरण मंच की भी रही उपस्थिति

इस उत्सव में समाज के विभिन्न सामाजिक और वैचारिक संगठनों ने भी अपनी सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई। विशेष रूप से स्वदेशी जागरण मंच परिवार ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया सनातन संस्कृति और हिंदू राष्ट्र की परिकल्पना को साकार करने के लिए उमड़ी यह जन समुदाय इस बात का स्पष्ट प्रतीक है कि हमारे पूर्वजों ने राष्ट्र निर्माण का जो बीज बोया था, उसे पुष्पित, पल्लवित और संरक्षित करने की जिम्मेदारी वर्तमान पीढ़ी ने पूरी निष्ठा के साथ अपने कंधों पर ले ली है। कार्यक्रम में संघ के वरिष्ठ अधिकारियों, जनप्रतिधियों और नगर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। मंच पर मुख्य रूप से लखन लाल साहू, जिला संघचालक गंगाधर जाधव, मुख्य वक्ता सुनील पटेल, उपनगर कार्यवाह संतोष कुमार सिन्हा सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।

नशा मुक्ति अभियान से जुड़ेंगे लोक कलाकार, होगा सम्मेलन



दुर्ग। युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने और समाज में नशा मुक्ति का संदेश प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए अब छत्तीसगढ़ के लोक कलाकार भी सहभागी बनेंगे। दुर्ग के एसएसपी विजय अग्रवाल ने कलाकारों और समाजसेवियों के सहयोग से अभियान को व्यापक बनाने की कार्ययोजना तैयार की है। इसके तहत जल्द ही अगासदिया परिसर में लोक कलाकारों और कलादलों के प्रमुखों का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इसमें नाचा, पंडवानी और मंच की अन्य विधाओं के माध्यम से नशे के खिलाफ जनजागरण की रणनीति बनाई जाएगी। इस संबंध में एसएसपी विजय अग्रवाल ने साहित्यकार डॉ. परदेशीराम वर्मा, अगासदिया के सहयोगी नीतीश वर्मा और शायर अब्दुल कलाम के साथ चर्चा की। प्रस्तावित अभियान को दुर्ग जिले में सफल रहे साक्षरता अभियान की तर्ज पर जनभागीदारी से आगे बढ़ाने की योजना है। प्रस्तावित अभियान से पद्मश्री डोमार सिंह कुंवर, पद्मश्री उषा बारले, पद्मश्री राधेश्याम बारले, महेश वर्मा, राजेन्द्र साहू, राजेश राजपूत, महंत लीलाधर, आरती बारले, रेणु साहू और चेतन देवांगन सहित अन्य कलाकारों को जोड़ने की योजना है। कलाकारों और कलादलों के प्रमुखों के साथ प्रारंभिक बातचीत हो चुकी है। आगामी सम्मेलन में एसएसपी विजय अग्रवाल के साथ अभियान के स्वरूप, मंचीय प्रस्तुतियों और जनजागरण की व्यावहारिक योजना पर चर्चा की जाएगी।

खबर संक्षेप

प्रधानमंत्री के पिता के खिलाफ अभद्र टिप्पणी से पिछड़ा वर्ग में आक्रोश

अंडा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिता के खिलाफ अभद्र टिप्पणी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे के द्वारा किए जाने पर छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग संगठन ने कड़े शब्दों में निंदा की है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने कहा है कि राजनेता को शोभा नहीं देता। संगठन के अन्य नेताओं में साहू समाज के सोमनाथ साहू, युवा सेन समाज के महासचिव बाला राम सेन, देवांगन समाज के पदाधिकारी रमेश देवांगन, मुकेश देवांगन, कलार समाज के महासचिव राजा जायसवाल, मानिकपुरी समाज उपाध्यक्ष देवदास मानिकपुरी, कुर्मी समाज के संगठन मंत्री गोपाल वर्मा, छत्तीसगढ़ प्रवक्ता एवं सचेतक हीरा लाल निर्मलकर, छत्तीसगढ़ धोबी समाज युवा महामंत्री पिंटू निर्मलकर सहित अनेक नेताओं ने कहा कि दिया गया बयान निंदनीय है।

सुपेला अंडरब्रिज रोड पर दुर्घटना का अंदेशा

भिलाई। घड़ी चौक -सुपेला अंडरब्रिज रोड के जर्जर होने से दुर्घटना का अंदेशा बना हुआ है। आकाशगंगा काम्पेल्कस के निकट सड़क पर बड़े बड़े गट्ढे हो गई हैं । तारकोल उखड़ने से दोपहिया गाड़ियां पंचर भी रही हैं। व्वायसायियों ने बताया कि बताया कई बार नगर निगम में शिकायत करने के बाद भी यहां सड़क की मरम्मत नहीं कराई जा रही है। आए दिन शाम को ट्रैफिक जाम के साथ छिटपुट दुर्घटनाएं भी हो रही हैं। ट्रैफिक पुलिस द्वारा यहां बेरिकटिंग रख कर काम चलाया जा रहा है। लेकिन निगम को गड्ढों को भरने की फुरसत नही है।

घुघुवा में 'मन की बात' के बाद संगठनात्मक बैठक

सेलूद/पाटन। ग्राम घुघुवा शक्ति केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम की 139वीं कड़ी का प्रसारण सुना गया, जिसमें स्थानीय कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों की भागीदारी रही। प्रसारण के तुरंत बाद शक्ति केंद्र की विशेष बैठक बुलाई गई। इसमें आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों तथा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में पाटन मंडल उपाध्यक्ष व शक्ति केंद्र प्रभारी हर प्रसाद आडिल, नरेश राम निषाद, जितेंद्र चंद्राकर, मुकेश कुमार साहू, मेहतर वर्मा, शिव बंजारे, प्रतीक कुमार सिंह, भोज कुमार, चूड़ामणि साहू, थानेश्वर प्रसाद साहू, चेलाराम, गेंदराम, चेतन लाल, राजेश कुमार, विजय कुमार, तीरथ साहू, प्रसाद निषाद, विद्यासागर निषाद, सरिता साहू, देव कुमारी साहू एवं पूनम शर्मा उपस्थित थे।

धान खरीदी 1 नवंबर से करे राज्य सरकार : अशोक साहू



पाटन। धान की मिजाई लगभग पूर्ण! ।छत्तीसगढ़ में आगामी खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 के लिए निर्धारित 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी के लक्ष्य को समय पर पूरा करने के लिए राज्य सरकार को अभी से ठोस कार्ययोजना बनानी चाहिए।पूर्व जिप उपाध्यक्ष अशोक साहू ने कहा कि 16 नवंबर से 31 जनवरी तक की धान खरीदी में लक्ष्य के हिसाब से धान खरीदी असम्भव है।उन्होंने 77 दिनों में मात्र 50 कार्यदिवस का आंकड़ा होता है।विगत वर्षों जैसी परेशानी से किसान अभी से चिंचित है।धान खरीदी में देरी या अव्यवस्था का सीधा असर किसानों पर पड़ता है। टोकन नहीं मिलने, खरीदी केंद्रों में भीड़, सर्वर की समस्या, बारदाने की कमी, तौल में देरी तथा धान के उठाव में परेशानी के कारण किसानों को अनावश्यक इंतजार करना पड़ता है। सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि पंजीकृत किसानों का धान निर्धारित समय-सीमा के भीतर खरीदा जाए और किसी भी किसान को अपनी उपज बेचने से वंचित न होना पड़े।धान खरीदी केवल एक सरकारी लक्ष्य नहीं, बल्कि प्रदेश के लाखों किसानों की मेहनत और आर्थिक सुरक्षा से जुड़ा विषय है। जनपद सदस्य रश्मि भेदप्रकाश वर्मा ने राज्य सरकार से मांग की कि धान खरीदी की अवधि और उपलब्ध कार्यदिवसों की समीक्षा कर आवश्यक व्यवस्था की जाए।

विकसित भारत में योगदान का दिया संदेश, युवाओं को दिलाया नशामुक्ति का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭| उतई

जिला युवा अधिकारी क्षितिज के मार्गदर्शन में माय भारत दुर्ग के तत्वावधान में ग्राम कातरो स्थित स्वामी आत्मानंद हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में 'नशा मुक्त भारत-विकसित भारत' अभियान के अंतर्गत आस-पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम मुख्यातिथि ग्राम के सरपंच एवं प्रथम नागरिक जितेंद्र सोनी, मचांदूर थाना प्रभारी सब-इंस्पेक्टर अभिषेक चंद्रा, विद्यालय की प्राचार्य लिलिमा तिवारी उपस्थित रहे। कार्यकम को सफल बनाने में स्वयंसेवक चंदन एवं उमेंद्र कुमार सहित बड़ी संख्या में विद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

कातरों में आस-पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन



नशे से जुड़े अपराधों के बारे में जानकारी दी

कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन के रूप में माय भारत छत्तीसगढ़ के राज्य प्रशिक्षक जितेंद्र सोनी ने विद्यार्थियों एवं उपस्थित लोगों को नशे से दूर रहने, समाज में नशामुक्ति के प्रति जागरुकता फैलाने तथा नशामुक्त गांव और नशामुक्त छत्तीसगढ़ बनाने का संदेश दिया। साथ ही सभी को नशामुक्त समाज के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प दिलाया गया। वहीं मचांदूर थाना प्रभारी सब-इंस्पेक्टर अभिषेक चंद्रा ने नशे के दुष्परिणामों और नशे से जुड़े अपराधों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को साइबर जागरुकता, ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव तथा इंटरनेट का सुरक्षित उपयोग करने के संबंध में भी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए किया प्रेरित

विद्यालय की प्राचार्य लिलिमा तिवारी ने विद्यार्थियों को जागरुकता कार्यक्रमों से जुड़कर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में सामाजिक जिम्मेदारी, नशामुक्ति, साइबर सुरक्षा और जागरूक नागरिकता की भावना विकसित करना रहा। वहीं मास्टर ट्रेनर ढाल सिंह ने समस्त विद्यार्थियों को माय भारत विभिन्न सुविधाओं के बारे में अवगत कराया साथ ही युवाओं को समाजहित के कार्यों में भागीदारी निभाने तथा स्वस्थ, सुरक्षित एवं विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने का संदेश दिया गया। रिसोर्स पर्सन प्रेमशंकर ने युवाओं को नशे से दूर रहने एवं समाज में अपनी सक्रिय भागीदारी प्रदान करने की बात कही।

आयोजन : 1935 में स्थापित ऐतिहासिक संगठन ने की नई नियुक्तियां

प्रज्ञा निर्वाणी बनीं छग श्री वैष्णव महासभा की प्रदेश महिला अध्यक्ष, ईशान वैष्णव को युवा प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ के प्राचीन सामाजिक संगठनों में शामिल छत्तीसगढ़ श्री वैष्णव महासभा ने संगठनात्मक विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए प्रज्ञा निर्वाणी को प्रदेश महिला अध्यक्ष तथा ईशान वैष्णव को युवा प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया है। महासभा के प्रदेश अध्यक्ष दाऊ सुरेंद्र दास ने दूधाधारी मठ के महंत रामसुंदर दास की सहमति से दोनों नियुक्तियां कीं। राजनांदगांव में आयोजित सम्मेलन के अवसर पर महासभा के महासचिव महेंद्र वैष्णव के हस्ताक्षर से नियुक्ति पत्र जारी किए गए।

1935 में हुई थी महासभा की स्थापना: छत्तीसगढ़ श्री वैष्णव महासभा की स्थापना वर्ष 1935 में ग्राम नवागांव के मालगुजार सीताराम दास के प्रयासों से हुई थी। संगठन के इतिहास में वैष्णव समाज के संत-महंतों, राजे-रजवाड़ों और मालगुजारों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। स्थापना के समय समाज की एकता, धार्मिक परंपराओं के संरक्षण और सामाजिक समन्वय को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेशभर के प्रतिनिधियों का तीन दिवसीय अधिवेशन आयोजित किया गया था। दशकों से महासभा वैष्णव समाज की परंपराओं, सामाजिक एकजुटता और संगठनात्मक गतिविधियों के लिए प्रमुख मंच बनी हुई है।



प्रज्ञा निर्वाणी के अनुभव से महिला नेतृत्व को मिलेगी मजबूती

नवनियुक्त प्रदेश महिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय रही हैं। वे जनपद पंचायत बेमेतरा की अध्यक्ष और जिला पंचायत सदस्य के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभा चुकी हैं। वर्तमान में वे भाजपा जिला महिला मोर्चा, बेमेतरा की अध्यक्ष हैं। उनके सामाजिक अनुभव और संगठनात्मक सक्रियता को देखते हुए महासभा में प्रदेश महिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने से महिला नेतृत्व को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। नियुक्ति पर आभार व्यक्त करते हुए प्रज्ञा निर्वाणी ने कहा कि छत्तीसगढ़ श्री वैष्णव महासभा जैसे ऐतिहासिक संगठन में प्रदेश महिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलना उनके लिए सम्मान के साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। वे इस विश्वास पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगी। समाज की महिलाओं को संगठित करना, उन्हें सामाजिक एवं रचनात्मक गतिविधियों में आगे बढ़ाना, युवा पीढ़ी को संस्कृति और परंपराओं से जोड़ना तथा शिक्षा, संस्कार, सेवा और सामाजिक समरसता को प्रोत्साहित करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने संतों, महंतों और समाज के वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन में सभी को साथ लेकर काम करने की बात कही।

महिलाओं और युवाओं की सक्रिय भागीदारी पर जोर

महासभा के प्रदेश अध्यक्ष दाऊ सुरेंद्र दास ने कहा कि समाज की वास्तविक प्रगति तभी संभव है, जब महिलाओं और युवाओं को संगठन में सक्रिय भागीदारी मिले। साथ ही समाज की गौरवशाली विरासत और परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाना भी आवश्यक है।

समाजजनों और संत-महंतों ने दी शुभकामनाएं

प्रज्ञा निर्वाणी की नियुक्ति पर छुईखदान रियासत के राजा गिरिराज किशोर दास, देवराज दास, लाल जे.के. वैष्णव, राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, पूर्व युवा अध्यक्ष प्रतुल वैष्णव, कोषाध्यक्ष लाल बंधु वैष्णव, इंद्र कुमार दास, डॉ. रामकुमार वैष्णव, संध्या रामावत, अखिल भारतीय वैष्णव ब्राह्मण संघ के युवा अध्यक्ष राघवेंद्र दास, दुष्यंत दास, निर्मल दास, दिनेश शास्त्री और योगमाया चंदोलकर सहित अनेक गणमान्यजनों ने शुभकामनाएं दीं। वहीं, संत समाज के महंत हरिशंकर दास नागा, महंत नरेंद्र दास पाड़ादाह, नर्मदा कुंड के महंत सुरेंद्र दास, डोंगरगढ़ के महंत श्याम दास और महंत राधेश्याम दास सहित प्रदेशभर के संतों, महंतों और समाजजनों ने दोनों नियुक्तियों का स्वागत करते हुए नवनियुक्त पदाधिकारियों के सफल कार्यकाल की कामना की।

मोदी के नेतृत्व में सक्षम राष्ट्र बनने की दिशा में बढ़ रहा भारत : सांसद विजय



हरिभूमि न्यूज ⏭|पाटन

जनपद पंचायत पाटन अंतर्गत ग्राम देवादा में 70 लाख रुपये से अधिक की राशि के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सबसे सक्षम राष्ट्र बनने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारत को अस्थिर करने के प्रयास करने वाले कुछ लोग सक्रिय हैं। इसी तरह गांव-गांव में भी विघ्नसंतोषी तत्व अशांति फैलाने का काम कर रहे हैं। ऐसे लोगों पर अंकुश लगाना जरूरी है। कार्यक्रम में विशेष अतिथि भाजपा प्रदेश मंत्री जितेंद्र वर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में विकास के नए आयाम स्थापित किए जा रहे हैं। गांवों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार और जनहितकारी कार्य सरकार की प्राथमिकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत अध्यक्ष कीर्ति नायक ने की। जनपद पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश वर्मा एवं सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता दीदियों एवं गांव को स्वच्छ रखने में सहयोग देने वालों का सम्मान किया गया।

पेज 7 के शेष

म्यूल बैंक खातों से ...

कई राज्यों से मिली शिकायतें: पुलिस के अनुसार, तुषार बंजारे के पंजाब नेशनल बैंक खाते में साइबर ठगी की रकम आने के संबंध में हरियाणा, पंजाब, गुजरात और महाराष्ट्र से पांच शिकायतें दर्ज होने की जानकारी मिली है। इन शिकायतों में 3.64 लाख रुपये की ठगी की रकम का उल्लेख है। उसके बंधन बैंक खाते से संबंधित हरियाणा और महाराष्ट्र में दो शिकायतें दर्ज होने की जानकारी भी सामने आई है, जिनकी कुल शिकायत राशि 11,800 रुपये बताई गई है। इसके अलावा, प्रेमसागर टंडन के पंजाब नेशनल बैंक खाते के संबंध में झारखंड और पीयूष टंडन के बैंक ऑफ इंडिया खाते के संबंध में उत्तर प्रदेश से भी शिकायत प्राप्त हुई है। पुलिस मामले में बैंक खातों के इस्तेमाल और साइबर ठगी से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच कर रही है।

25 और 26 अक्टूबर को हुई गिरफ्तारी: पुलिस ने इस मामले में अभिषेक दुर्गा (22 वर्ष), निवासी राधिका नगर, थाना सुपेला, जिला दुर्ग; पीयूष टंडन (24 वर्ष), प्रेमसागर टंडन (21 वर्ष) और तुषार बंजारे (22 वर्ष), निवासी ग्राम बोरिया, थाना बेरला, जिला बेमेतरा को 25 और 26 अक्टूबर को गिरफ्तार किया। सभी आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी बेरला उपनिरीक्षक राजकुमार साहू, प्रधान आरक्षक पोषण साहू, योगेश यादव, आरक्षक सुरेंद्र जांगड़े सहित थाना बेरला के पुलिस स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी व्यक्ति को कमीशन या लालच में अपना बैंक खाता, एटीएम कार्ड अथवा बैंकिंग संबंधी जानकारी उपलब्ध न कराएं। ऐसे खातों का इस्तेमाल साइबर अपराध में होने पर खाताधारक भी कानूनी कार्रवाई के दायरे में आ सकते हैं।

बैंक खातों की जांच में ...

न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 317(2), 317(4), 318(4) और 61(2)(ए) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की।

पूछताछ के बाद छह आरोपी गिरफ्तार : विवेचना के दौरान पुलिस ने जितेंद्र वर्मा (24), निवासी कुर्मीपारा बेमेतरा; संजय यादव (20), निवासी शंकर नगर नवागढ़; चंद्रमणि साहू (23), निवासी गनिया नवागढ़; लोकेन्द्र साहू (21), निवासी शंकर नगर नवागढ़; दुर्गेश साहू (20) और दिलेश्वर साहू (28), निवासी ग्राम खाती, थाना थानखम्हरिया को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पुलिस का दावा है कि पूछताछ में आरोपियों ने अपराध में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। इसके बाद मंगलवार को सभी को गिरफ्तार कर न्यायालय में न्यायिक रिमांड पर पेश किया गया। मामले में म्यूल बैंक खातों की जांच और साइबर ठगी से जुड़े लेनदेन की विवेचना जारी है।

इनकी रही भूमिका : कार्रवाई में देवरबीजा चौकी प्रभारी प्रशिक्षु उपनिरीक्षक ईश्वरी कुमारी डुप्ले, सहायक उपनिरीक्षक दीनानाथ सिन्हा, प्रधान आरक्षक नंदलाल चतुर्वेदी तथा आरक्षक मुकेश कुमार चंद्रवंशी, रोशन वर्मा, मुकेश सिंह राजपूत, सबित गोयल, हीराचंद्र गेंड्रे और छोटू राम टेम्बुकर सहित चौकी के पुलिस स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

उत्सव डेयरी में 150 लीटर ...

का पालन करने के निर्देश दिए हैं। प्रतिष्ठानों में अखबारी कागज का उपयोग नहीं करने, हाथों में दस्ताने और सिर पर ढकाव पहनने, खाद्य पदार्थों को स्वच्छता से संभालने, मिठाइयों में केवल अनुमत खाद्य रंगों का इस्तेमाल करने तथा मिठाइयों को ढककर रखने के निर्देश दिए गए हैं।

मिठाई खरीदते समय बरतें सावधानी: खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजू कुर्रे ने आमजन से अपील की है कि मिठाइयां खरीदते समय उनकी निर्माण तिथि और अवसान तिथि की जानकारी अवश्य लें। उपभोक्ता खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और स्वच्छता पर ध्यान दें तथा किसी भी तरह की अनियमितता मिलने पर संबंधित विभाग को सूचना दें। यह कार्रवाई अभिहित अधिकारी आशीष कुमार यादव, वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजू कुर्रे और नमूना सहायक की टीम द्वारा की जा रही है।

14वें दिन भी मांगों पर ....

कार्यों से सीधे जुड़े रहते हैं। उनकी मांगों का निराकरण होना चाहिए। किसान संगठन पटवारियों के आंदोलन के साथ खड़ा है और आवश्यकता पड़ने पर उनके समर्थन में सड़क पर उतरने के लिए भी तैयार है।

कनिष्ठ प्रशासनिक संघ ने की शीघ्र निराकरण की मांग: छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक संघ ने भी पटवारियों की समस्याओं का जल्द समाधान करने की मांग की है। संघ ने मुख्यमंत्री के नाम अपनी मांग रखते हुए कहा कि पटवारियों के हड़ताल पर रहने से राजस्व संबंधी कार्य प्रभावित हो रहे हैं। शासन को पहल कर समस्याओं का निराकरण करना चाहिए, ताकि आम जनता के काम सुचारू रूप से हो सकें।

कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने सौंपा ज्ञापन: छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन की जिला इकाई ने भी धरना स्थल पहुंचकर पटवारी संघ को समर्थन दिया। फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा को पहले ही ज्ञापन सौंपा गया था। इसके बाद मुख्यमंत्री के नाम जारी ज्ञापन के माध्यम से पटवारियों की मांगों को जल्द पूरा करने का आग्रह किया गया। जिला इकाई ने यह ज्ञापन राजस्व पटवारी संघ के जिला अध्यक्ष निर्जल कुमार डिंडोरे को सौंपा। इस दौरान जिला संयोजक नानकराम साहू, उप संयोजक हितेंद्र कुमार सिन्हा, संरक्षक रोमन लाल जायसवाल एवं राजेंद्र वर्मा, मीडिया प्रभारी केएम परते, जिला महासचिव गैंद लाल खुटियारे और लिपिक वर्ग के जिला अध्यक्ष किशन दास मानिकपुरी उपस्थित रहे। पदाधिकारियों ने पटवारियों की मांगों को जायज बताते हुए उनके आंदोलन में साथ देने की प्रतिबद्धता जताई।

निलंबन और स्थानांतरण पर भी जताई नाराजगी : पटवारी संघ ने पीवी ऐप से जुड़े मामलों में कुछ जिलों में पटवारियों के निलंबन और स्थानांतरण पर नाराजगी जताई। संघ ने संबंधित पटवारियों को बहाल करने और स्थानांतरण आदेश निरस्त करने की मांग भी उठाई। धरना स्थल पर विभिन्न संगठनों के समर्थन से आंदोलन को मजबूती मिली। कार्यक्रम का संचालन पटवारी राजेश कुमार सोनी ने किया। अंत में जिला सचिव ने आभार व्यक्त किया।

प्राचार्य ने खिलाड़ियों ...

किया जाता है। विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा निखारने के लिए बेहतर अवसर और मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाता है, जिससे वे विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। **डीएवी संस्थान प्रमुख ने भी दी शुभकामनाएं:** छत्तीसगढ़ डीएवी संस्थान के प्रमुख एवं क्षेत्रीय अधिकारी प्रशांत कुमार तथा डॉ. बी.पी. साहू, सहायक क्षेत्रीय अधिकारी, छत्तीसगढ़ जोन-डी ने भी खिलाड़ियों और विद्यालय परिवार को इस सफलता पर बधाई दी। जिला शिक्षा अधिकारी और जिला प्रशासन की ओर से भी विद्यालय परिवार एवं प्रशिक्षकों को शुभकामनाएं दी गईं। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार, डीएवी की राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं को स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) और भारत सरकार से मान्यता प्राप्त है।

अंचल की प्रतिभाओं ने राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाया मान : डीएवी जांता की इस उपलब्धि ने एक बार फिर साबित किया है कि ग्रामीण अंचल की प्रतिभाओं को उचित प्रशिक्षण, मार्गदर्शन और अवसर मिले तो वे राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकती हैं। विद्यालय परिवार ने सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह सफलता अन्य विद्यार्थियों को भी खेलों के प्रति प्रेरित करेगी। स्वर्ण पदक जीतकर लौट रही टीम की उपलब्धि से बेमेतरा जिले में हर्ष की लहर है।

अचानकपुर पंचायत की कार्यवाहक सरपंच बनाई गई गायत्री यादव

सेलूद। जनपद पंचायत पाटन अंतर्गत ग्राम पंचायत अचानकपुर में सोमवार को पंचों ने सर्वसम्मति से कार्यवाहक सरपंच का चुनाव किया। वार्ड क्रमांक 14 की पंच गायत्री यादव को कार्यवाहक सरपंच चुना गया। उनके चयन से ग्राम पंचायत के रुके हुए विकास कार्यों को गति मिलने की उम्मीद है। गौरतलब है कि ग्राम पंचायत अचानकपुर के सरपंच देवानंद साहू सोशल मीडिया पर सतनामी समाज के संबंध में कथित विवादित टिप्पणी करने के आरोप में केंद्रीय जेल दुर्ग में निरुद्ध हैं। सरपंच के जेल में रहने के कारण ग्राम पंचायत के विभिन्न कार्य प्रभावित हो रहे थे। इस स्थिति को देखते हुए पंचों ने एसडीएम पाटन को ज्ञापन सौंपकर प्रभारी सरपंच नियुक्त करने की मांग की थी। पंचों की मांग पर एसडीएम पाटन नीर निधि नंदेहा ने कार्रवाई करते हुए 22 अक्टूबर को सरपंच देवानंद साहू को निलंबित करने तथा प्रभारी सरपंच नियुक्त करने का आदेश जारी किया था।

सिंघौरी स्कूल में पालक-शिक्षक बैठक, परीक्षा परिणाम से लेकर प्रमाण पत्र तक पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭| बेमेतरा



शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिंघौरी में आयोजित पालक-शिक्षक बैठक में त्रैमासिक परीक्षा परिणाम की समीक्षा के साथ विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, जाति-निवास प्रमाण पत्र और विद्यालय की व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में पालकों और शिक्षकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया गया।

बैठक में विद्यार्थियों के विषयवार परीक्षा परिणाम की समीक्षा कर कमजोरियों को दूर करने, नियमित अध्ययन की आदत विकसित करने और घर व विद्यालय में पढ़ाई के अनुकूल वातावरण तैयार करने पर चर्चा की गई। शिक्षकों ने बच्चों की शैक्षणिक प्रगति में पालकों की सक्रिय सहभागिता को महत्वपूर्ण बताया।

विद्यार्थियों के जाति एवं निवास प्रमाण पत्र बनवाने की स्थिति पर भी विचार-विमर्श किया गया। इसके अलावा विद्यालय में अनुपयोगी कबाड़ सामग्री और उससे जुड़े व्यय सहित शाला की व्यवस्थाओं तथा उपलब्ध संसाधनों के उचित उपयोग पर चर्चा हुई। बैठक में विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता बेहतर बनाने, विद्यार्थियों की समस्याओं का समय पर समाधान करने और पालकों-शिक्षकों के बीच निरंतर संवाद बनाए रखने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नारद साहू, पार्षद नीतू कोठारी, गजाधर साहू, सूरज, कमलदास, दुर्गा, पूर्णिमा वर्मा सहित पालकगण उपस्थित रहे। वहीं शाला परिवार से संस्था प्रमुख सरस्वती साहू, देवेंद्र साहू, नुतेश्वर चंद्राकर, प्रशांत बघेल, शशिकला यादव, किरण खरे, संकुल समन्वयक धनीराम बंजारे, पूनम कुमार साहू, विनीता श्रीवास एवं पूजा मानिकपुरी उपस्थित रहे।

जमीन विवाद व आर्थिक लेनदेन पर जान से मारने की धमकी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭|कुम्हारी

जमीन से जुड़े विवाद ने गंभीर रूप ले लिया है। शिवनगर, वार्ड क्रमांक 9 निवासी राजकुमार शर्मा ने प्रेस क्लब कुम्हारी में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जमीन संबंधी विवाद, कथित मारपीट, गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी और जबरन दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कराने के दबाव जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने पत्रकारों के सामने पूरे घटनाक्रम की जानकारी देते हुए पुलिस प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कराने और अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। राजकुमार शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि जमीन से संबंधित दस्तावेजों और लेन-देन को लेकर विवाद चल रहा है। उनके अनुसार, विगत 25 जुलाई 2026 को जमीन के कागजात और नामांतरण से जुड़े विषयों पर चर्चा हुई थी। इस दौरान परिवार के अन्य सदस्य भी मौजूद थे। शिकायतकर्ता का आरोप है कि जमीन के दस्तावेजों को लेकर उन पर दबाव बनाया गया तथा कुछ कागजात पर हस्ताक्षर कराने का प्रयास किया गया। राजकुमार शर्मा के अनुसार, शुरुआत में मामले को पारिवारिक विवाद बताकर आपसी बातचीत से सुलझाने का प्रयास किया गया।



खबर संक्षेप

डीकेश्वर बने तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष

बेमेतरा। छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ पंजीयन क्रमांक 249 की जिला शाखा बेमेतरा के जिलाध्यक्ष पद पर डीकेश्वर राम साहू को नियुक्त किया गया है। वे जिला कार्यालय बेमेतरा के खाद्य विभाग में डाटा एंट्री ऑपरेटर के पद पर पदस्थ हैं। संघ के प्रांताध्यक्ष पवन शर्मा ने उन्हें जिला शाखा बेमेतरा की जिम्मेदारी सौंपी है। डीकेश्वर राम साहू की नियुक्ति पर जिले के कर्मचारी संगठनों में हर्ष का माहौल है। कर्मचारी पदाधिकारियों और संघ के सदस्यों ने उन्हें नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। साथ ही उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में संगठन कर्मचारियों की समस्याओं, हितों और मांगों को प्रभावी ढंग से उठाने के साथ ही संगठनात्मक गतिविधियों को और मजबूत करेगा। इस अवसर पर जिला बेमेतरा के कर्मचारी पदाधिकारी एवं संरक्षक आर.के. वर्मा, रोमन जायसवाल, प्रांतीय उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र शर्मा, फेडरेशन जिला संयोजक नानक साहू सहित जिले के विभिन्न कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के सदस्यों ने बधाई दी। नव नियुक्त जिलाध्यक्ष डीकेश्वर राम साहू से संगठन के सदस्यों को कर्मचारियों के हितों की रक्षा, समस्याओं के निराकरण और संघ की गतिविधियों को सक्रिय बनाने की उम्मीद है।

बीआरएम की टीम ने सीसीक्यूसी में जीता गोल्ड

भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र की बार एवं रॉड मिल की टीम सारथी ने शंकराचार्य टेक्निकल कैंपस में आयोजित चैप्टर कन्वेंशन ऑन क्वालिटी कॉन्सेप्ट्स (सीसीक्यूसी) में गोल्ड अवार्ड प्राप्त किया। टीम ने अपने प्रोजेक्ट की प्रभावी प्रस्तुति के माध्यम से यह उपलब्धि हासिल की। टीम सारथी के सदस्यों में फैसिलिटेटर अनिल कुमार द्विवेदी सदस्य धनराज साहू, शुभम शिंदे, कुंतेलाल, यशवंत कुमार व आशीष शामिल थे। इस उपलब्धि पर मुख्य महाप्रबंधक योगेश शास्त्री ने टीम के सदस्यों को सम्मानित किया। महाप्रबंधक आशीष, शाश्वत मोहंती, समीर पांडे, शिखर तिवारी और तुषार श्रीखंडे भी उपस्थित थे।

अब जेआरडी स्कूल मैदान में लगेंगी अस्थाई पटाखा दुकानें

दुर्ग। दीपावली के लिए अस्थाई पटाखों की दुकान इस बार भी जेआरडी स्कूल मैदान में लगेंगी। इसके लिए निगम ने तैयारी शुरू कर दी है। 27 अक्टूबर को शाम 4 बजे तक आवेदन जमा लिए जाएंगे। इसके बाद अगले दिन यानी 28 अक्टूबर को सुबह 12 बजे लाटरी से दुकानों का आवंटन किया जाएगा। दीपावली के दौरान फटाका विक्रय के लिए जिला प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निर्धारित नियमों एवं शर्तों के तहत अस्थायी दुकानों का आवंटन किया जाएगा। नगर निगम ने संबंधित आवेदकों से निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवेदन जमा करने तथा लॉटरी प्रक्रिया में निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित रहने की अपील की है। फटाका दुकानों के संचालन एवं आवंटन के संबंध में शेष नियम एवं शर्तें पूर्ववत लागू रहेंगी।

चक्रवात और अतिवृष्टि की आशंका से भिलाई निगम अलर्ट मोड पर

भिलाई। चक्रवात के प्रभाव से छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में भारी बारिश की आशंका को देखते हुए नगर पालिक निगम भिलाई प्रशासन सतर्क हो गया है। संभावित अतिवृष्टि के दौरान शहर में जलभराव की स्थिति से निपटने और बरसाती पानी की निकासी सुचारू बनाए रखने के लिए निगम क्षेत्र में नालियों और पुलियों की साफ-सफाई का विशेष अभियान शुरू किया गया है। मौसम विभाग ने चक्रवात के उत्तरी आंध्र प्रदेश तट पर लैंडफॉल करने की संभावना जताई गई है। इसके संभावित प्रभाव को देखते हुए भिलाई निगम ने एहतियाती तैयारियां शुरू कर दी हैं। निगम आयुक्त सुरूचि सिंह के निर्देशानुसार संबंधित क्षेत्रों में नालियों और पुलियों की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

चावल में 20 से 30 रुपए किलो तक उछाल, अरहर दाल 110 से बढ़कर 160 रुपए पर पहुंची; शक्कर भी 60 रुपए किलो तक

दो महीने में रसोई का बजट बिगड़ा, चावल-दाल से लेकर शक्कर तक महंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

त्योहारी सीजन में बाजार की रौनक बढ़ने के साथ ही आम परिवारों की रसोई का बजट बिगड़ने लगा है। पिछले दो महीनों में चावल, अरहर दाल, चना दाल और शक्कर सहित रोजमर्रा की खाद्य सामग्रियों के दाम में तेजी आने से घरेलू खर्च पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। चावल की अलग-अलग किस्मों में 20 से 30 रुपए प्रति किलो तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, वहीं अरहर दाल के खुदरा दाम 110 रुपए से बढ़कर 160 रुपए किलो तक पहुंच गए हैं। शक्कर भी थोक बाजार में 51 से 52 रुपए और खुदरा बाजार में 55 से 60 रुपए किलो बिक रही है। ऐसे में त्योहार की खरीदारी के बीच परिवारों को राशन पर पहले से अधिक राशि खर्च करनी पड़ रही है।

धान उत्पादन के लिए पहचाने जाने वाले छत्तीसगढ़ में चावल की कीमतों में इस तरह का उछाल उपभोक्ताओं के लिए चिंता का विषय बन गया है। महंगाई का असर केवल एक-दो वस्तुओं तक सीमित नहीं है। चावल, दाल और शक्कर जैसी रोजाना इस्तेमाल होने वाली सामग्रियों के महंगे होने से महीनेभर के राशन का हिसाब बिगड़ रहा है। पहले से बढ़े घरेलू खर्च के बीच खाद्य सामग्री की कीमतों में लगातार हो रही वृद्धि ने मध्यमवर्गीय और कम आय वाले परिवारों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। कारोबारियों के अनुसार, अलग-अलग किस्मों के चावल और दालों के भाव में तेजी बनी हुई है। हालांकि, कीमतों में बढ़ोतरी के कारणों की आधिकारिक पुष्टि और बाजार में प्रतिस्पर्धा की स्थिति की जांच जरूरी है।

खास बातें

- दो महीने में रोजमर्रा की खाद्य सामग्रियों के दाम बढ़ने से घरेलू बजट पर बढ़ा दबाव।
- एचएमटी चावल थोक में 45 से बढ़कर 65-68 रुपए, अब्बा हुजूर 60 से 90 रुपए किलो हुआ।
- अरहर दाल के दाम में 50 रुपए तक की वृद्धि, चना दाल भी थोक में 100 रुपए किलो।



चावल की कई किस्मों के दाम में भारी उछाल

चावल के बाजार में पिछले दो महीनों के दौरान उल्लेखनीय तेजी सामने आई है। कारोबारियों से मिली जानकारी के अनुसार, मध्यप्रदेश के सिवनी का काली मूंछ चावल, जो अपनी गुणवत्ता और स्वाद के कारण पसंद किया जाता है, थोक में 50 रुपए से बढ़कर 70 रुपए किलो हो गया है। खुदरा बाजार में इसकी कीमत 75 से 80 रुपए किलो तक पहुंच गई है। इसी तरह एचएमटी चावल का थोक भाव पहले 45 रुपए किलो था, जो अब बढ़कर 65 से 68 रुपए हो गया है। खुदरा बाजार में इसकी कीमत करीब 75 रुपए किलो बताई जा रही है। अब्बा हुजूर चावल के थोक भाव में भी बड़ी वृद्धि हुई है। पहले 60 रुपए किलो मिलने वाला यह चावल अब 90 रुपए किलो तक पहुंच गया है, जबकि खुदरा कीमत करीब 100 रुपए किलो बताई जा रही है। जय श्रीराम चावल के थोक भाव में भी करीब 20 रुपए की वृद्धि हुई है। पहले 50 से 55 रुपए किलो बिकने वाला यह चावल अब 70 से 75 रुपए किलो तक पहुंच गया है। खुदरा बाजार में इसके दाम 75 से 80 रुपए किलो बताए जा रहे हैं। वहीं जवां फूल चावल का थोक भाव 90 रुपए से बढ़कर 120 रुपए किलो हो गया है और खुदरा बाजार में इसकी कीमत करीब 130 रुपए किलो तक पहुंच गई है। अलग-अलग किस्मों में कीमतों का यह अंतर उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ा रहा है। परिवार अपनी जरूरत और बजट के अनुसार चावल का चयन करते हैं, लेकिन पसंदीदा किस्मों के महंगे होने से उन्हें या तो अधिक खर्च करना पड़ रहा है या फिर दूसरी किस्मों की ओर रुख करना पड़ रहा है।

अरहर दाल 160 रुपए किलो, चना दाल भी महंगी: दालों की कीमतों में भी तेजी ने आम उपभोक्ताओं की चिंता बढ़ा दी है। घरों में नियमित रूप से इस्तेमाल होने वाली अरहर दाल के अच्छे गुणवत्ता वाले भाव लंबे समय से 100 से 110 रुपए किलो के आसपास बताए जा रहे थे। अब इसके खुदरा दाम बढ़कर 160 रुपए किलो तक पहुंच गए हैं। कारोबारियों के अनुसार, थोक बाजार में अरहर दाल करीब 150 रुपए किलो बिक रही है। इस तरह दो महीने में इसकी कीमत में लगभग 50 रुपए प्रति किलो तक की बढ़ोतरी हुई है। चना दाल भी महंगाई से अछूती नहीं है। पहले 70 से 80 रुपए किलो मिलने वाली चना दाल का थोक भाव अब करीब 100 रुपए और खुदरा भाव 110 रुपए किलो तक पहुंच गया है। उड़द दाल थोक में 140 रुपए और खुदरा बाजार में 150 रुपए किलो बिक रही है। मूंग दाल का थोक भाव 120 रुपए और खुदरा भाव 130 रुपए किलो बताया जा रहा है। वहीं देशी चना थोक में 85 रुपए और खुदरा बाजार में 90 रुपए किलो तक पहुंच गया है। दालों के दाम बढ़ने का सीधा असर घरों के भोजन पर पड़ता है। रोजाना की थाली में शामिल दाल के लिए अब उपभोक्ताओं को अधिक राशि खर्च करनी पड़ रही है। चावल और दाल दोनों के महंगे होने से परिवारों के सामने मासिक राशन खर्च को नियंत्रित करना चुनौती बन गया है।

शक्कर के भाव में भी फिर तेजी

शक्कर की कीमतों में भी राहत ज्यादा समय तक नहीं टिक पाई। कारोबारियों के मुताबिक, महीने की शुरुआत में थोक बाजार में शक्कर का भाव 46 से 47 रुपए किलो और खुदरा बाजार में करीब 50 रुपए किलो तक आ गया था। अब थोक भाव फिर बढ़कर 51 से 52 रुपए किलो हो गया है। खुदरा बाजार में शक्कर 55 से 60 रुपए किलो तक बिक रही है। शक्कर की कीमतों में इस उतार-चढ़ाव का असर चाय-नाश्ते से लेकर मिठाई और अन्य घरेलू जरूरतों तक पड़ता है। दीपावली जैसे त्योहार के दौरान इसकी मांग बढ़ने के बीच कीमतों में तेजी से उपभोक्ताओं का खर्च और बढ़ सकता है।

हर महीने का राशन खर्च बढ़ने से बिगड़ रहा हिसाब

खाद्य सामग्रियों की कीमतों में बढ़ोतरी का सबसे बड़ा असर परिवारों के मासिक बजट पर दिखाई दे रहा है। चावल, दाल और शक्कर ऐसी वस्तुएं हैं, जिनकी खरीदारी से बचना संभव नहीं है। ऐसे में इनके दाम बढ़ने का सीधा असर महीनेभर के खर्च पर पड़ता है। उपभोक्ताओं के अनुसार, छोटे परिवार का राशन खर्च भी पहले की तुलना में काफी बढ़ गया है। हालांकि, चार हजार रुपए से बढ़कर सात से आठ हजार रुपए से अधिक खर्च होने के दावे को परिवार के आकार, राशन की मात्रा और खरीदी जाने वाली वस्तुओं के आधार पर अलग-अलग देखा जाना जरूरी है। एक ओर खाद्य सामग्री महंगी हो रही है, वहीं दूसरी ओर परिवारों को शिक्षा, बिजली, आवागमन और अन्य जरूरी खर्चों के लिए भी राशि निकालनी पड़ती है। ऐसे में राशन के बजट में बढ़ोतरी का असर दूसरी जरूरतों पर भी पड़ता है। खासकर सीमित आय वाले परिवारों के लिए हर महीने खर्च का संतुलन बनाए रखना कठिन हो रहा है।

कीमतों पर निगरानी और कालाबाजारी की जांच जरूरी

त्योहारी सीजन में खाद्य सामग्रियों की मांग बढ़ने के बीच कीमतों में तेजी को देखते हुए बाजार की निगरानी महत्वपूर्ण हो गई है। उपभोक्ताओं को उचित दर पर सामग्री उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन और संबंधित विभागों को थोक तथा खुदरा बाजार के भाव पर नजर रखने की जरूरत है। यदि किसी दुकान पर निर्धारित नियमों के विपरीत बिक्री, जमाखोरी या कालाबाजारी की शिकायत मिलती है, तो उसकी जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जानी चाहिए। हालांकि, केवल कीमतों में वृद्धि को कालाबाजारी का प्रमाण नहीं माना जा सकता। इसके लिए वास्तविक खरीद दर, उपलब्ध स्टॉक, बिल और बिक्री मूल्य की जांच जरूरी है। फिलहाल चावल, दाल और शक्कर के बढ़ते भाव ने रसोई का खर्च जरूर बढ़ा दिया है। ऐसे में उपभोक्ताओं की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि आने वाले दिनों में बाजार में कीमतों को लेकर राहत मिलती है या महंगाई का दबाव इसी तरह बना रहता है।

मगरघटा प्राथमिक शाला में चिरायु टीम ने किया बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज:बेमेतरा/नवागढ़

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को विकासखंड नवागढ़ के शासकीय प्राथमिक शाला मगरघटा में चिरायु टीम ने सभी बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा संचालित इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के स्वास्थ्य की नियमित जांच करना, बीमारियों की समय पर पहचान करना तथा आवश्यकतानुसार उपचार के लिए मार्गदर्शन देना है।

स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान बच्चों के स्वास्थ्य का आकलन किया गया। साथ ही उन्हें व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने, संतुलित एवं पौष्टिक आहार लेने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के प्रति जागरूक किया गया। इस पहल से बच्चों के शारीरिक विकास को बढ़ावा देने और उनके बेहतर स्वास्थ्य की दिशा में मदद मिलने की उम्मीद है।



स्वस्थ बचपन, सुरक्षित भविष्य का संदेश: चिरायु योजना के माध्यम से बच्चों में स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की समय पर पहचान कर उचित उपचार की दिशा में पहल की जा रही है। विद्यालय में आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण से विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ ही स्वस्थ एवं सुरक्षित भविष्य की दिशा में सकारात्मक प्रयास किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान पाठक ओंकार प्रसाद ध्रुव सहित शीतल बैस, तुलसी ध्रुव, मुकेश चक्रधारी, विक्रम ध्रुव और सुनील पटेल उपस्थित रहे।

खड़गे की टिप्पणी पर विजय सिन्हा का पलटवार बोले, प्रधानमंत्री पद की गरिमा का रखें ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर की गई कथित टिप्पणी पर बेमेतरा नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री के प्रति इस तरह की भाषा का इस्तेमाल राजनीतिक शिष्टाचार और लोकतांत्रिक मर्यादाओं के अनुरूप नहीं है।

विजय सिन्हा ने कहा कि राजनीतिक विरोध करना विपक्ष का अधिकार है, लेकिन विरोध के नाम पर भाषा की मर्यादा लांघना उचित नहीं है। कांग्रेस अध्यक्ष जैसे वरिष्ठ पद पर बैठे नेता से संयमित और जिम्मेदार बयान की अपेक्षा की जाती है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जीवन में शब्दों का चयन नेताओं की गंभीरता और राजनीतिक संस्कार को दर्शाता है।



उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की जनता के जनादेश से चुने गए नेता हैं। उनकी नीतियों और फैसलों की आलोचना की जा सकती है, लेकिन व्यक्तिगत कटाक्ष और अमर्यादित भाषा से राजनीतिक विरोध का स्तर नहीं बढ़ता। लोकतंत्र में असहमति का सम्मान जरूरी है, साथ ही संवैधानिक पदों की गरिमा का ध्यान रखना भी आवश्यक है।

लोकतांत्रिक संवाद में मर्यादा जरूरी: विजय सिन्हा ने कहा कि लोकतंत्र में राजनीतिक मतभेद स्वाभाविक हैं, लेकिन व्यक्तिगत कटाक्ष और अमर्यादित बयान लोकतांत्रिक संवाद को कमजोर करते हैं। कांग्रेस नेतृत्व को आत्ममंथन करते हुए सार्वजनिक जीवन में जिम्मेदार भाषा और राजनीतिक मर्यादा के महत्व को समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए विरोध के साथ संवाद, आलोचना के साथ तथ्य और राजनीति के साथ शिष्टाचार भी जरूरी है।

जनहित के मुद्दों पर चर्चा करे कांग्रेस

विजय सिन्हा ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि देश के विकास, गरीबों के कल्याण, युवाओं के भविष्य और जनहित से जुड़े मुद्दों पर सार्थक चर्चा होनी चाहिए। जनता आरोप-प्रत्यारोप के बजाय नीतियों, विकास कार्यों और भविष्य की योजनाओं पर स्पष्ट जवाब चाहती है। उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व से बयानबाजी की राजनीति छोड़कर सकारात्मक और तथ्यपरक संवाद करने की अपील की। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास और जनसेवा के संकल्प के साथ काम कर रहे हैं। राजनीतिक बयानबाजी का जवाब भाजपा कार्यकर्ता जनता के बीच अपने काम और विचारों के माध्यम से देते रहेंगे।

सुनील कुमार बाजारी अध्यक्ष, महेश दुबे सचिव और अजय कुमार जैन कोषाध्यक्ष निर्वाचित

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संस्था की प्रांतीय प्रबंधकारिणी गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संस्था की वार्षिक आमसभा में नई प्रांतीय प्रबंधकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। निर्वाचन अधिकारी सविता पाठक, प्रदीप नारायण तिवारी और अरुण दुबे की उपस्थिति में निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न हुई। आमसभा में संस्था की विगत दो वर्षों की गतिविधियों की समीक्षा की गई। सुनील कुमार बाजारी और शैलेन्द्र राठौर ने लेखा परीक्षण प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कोरम की पूर्ति के साथ दो-तिहाई से अधिक सदस्यों की उपस्थिति में प्रांतीय प्रबंधकारिणी के निर्वाचन तथा नवीन पदों के सृजन संबंधी प्रस्तावों को सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई।



नई प्रांतीय प्रबंधकारिणी

संस्था के संरक्षक सविता पाठक, प्रदीप नारायण तिवारी, अरुण दुबे, अनिल गुप्ता और मुरली मनोहर खंडेलवाल बनाए गए। सुनील कुमार बाजारी को अध्यक्ष, सुरेश मिश्रा और डॉ. अशोक ताम्रकार को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, जबकि बबिता नत्थानी, महेश वर्मा, प्रभात केयूर भूषण मिश्रा, पी. संतोष नायडू, शरद अग्रवाल और डॉ. दीपक शर्मा को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। महेश दुबे को सचिव, अजय कुमार जैन को कोषाध्यक्ष, प्रहलाद मिश्रा को संयुक्त सचिव तथा अमरसिंह अजमानी, मुकेश चोपड़ा, धर्मेंद्र पंड्या और डॉ. शिरीष शर्मा को सह सचिव बनाया गया। श्रीमती सुधा कसार को विधिक सलाहकार तथा अनिरुद्ध दुबे को प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया।

कार्यकारिणी सदस्य

कार्यकारिणी सदस्य के रूप में घनश्याम दास जोशी, बसंत कश्यप, अभिषेक जैन, अजय सोनी, पंकज अग्रवाल, डॉ. अखिलेश त्रिपाठी, शैलेन्द्र राठौर, राजेन्द्र चतुर्वेदी, चंद्रकांत पांडे, राजेन्द्र जंघेल, शशि पांडे, नेहा तिवारी और ऋखीदास वैष्णव को शामिल किया गया। संस्था के प्रांतीय सह सचिव डॉ. शिरीष शर्मा ने विज्ञप्ति जारी कर उक्त जानकारी दी।

पीपरभट्ठा में सद्गुरु कबीर धर्मदास वंशावली मिशन ने कराया न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ग्राम पीपरभट्ठा में सद्गुरु कबीर धर्मदास वंशावली मिशन के सदस्यों ने प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला के विद्यार्थियों के लिए न्योता भोज का आयोजन किया। इस दौरान बच्चों को चावल, दाल, सब्जी, पापड़, अचार, खीर और पूड़ी परोसी गई। आयोजन का उद्देश्य जीव दया और आत्मपूजा की भावना को प्रोत्साहित करने के साथ सामाजिक सेवा एवं सहयोग का संदेश देना रहा।

सद्गुरु कबीर धर्मदास वंशावली मिशन द्वारा विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों में लगातार सेवा कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में विद्यालय के बच्चों के साथ खुशियां साझा करने और उनमें आपसी सद्भाव की भावना विकसित करने के उद्देश्य से न्योता भोज आयोजित किया गया। आयोजन में मिशन के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।



मिशन के सदस्य और स्कूल स्टाफ रहे मौजूद: कार्यक्रम में महंत बिसाहू दास, गोविंद वर्मा, कपिल वर्मा, विश्वनाथ साहू, दीनदयाल साहू, रेखराज चौहान, पप्पू सेन (पंच), संदीप साहू, नेतराम साहू, ध्रुव वर्मा, लखन वर्मा, दुर्गेश वर्मा, सरोज वर्मा, भारती साहू और उर्वशी वर्मा सहित सद्गुरु कबीर धर्मदास वंशावली मिशन के सदस्य एवं विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।

दो दिवसीय प्रतियोगिता में ग्रामीण प्रतिभाओं ने दिखाया दमखम

बहेरा में कबड्डी महासंग्राम का समापन, विजय ने बढ़ाया खिलाड़ियों का उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ग्राम बहेरा में आयोजित दो दिवसीय कबड्डी महासंग्राम का समापन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद बेमेतरा के अध्यक्ष विजय सिन्हा शामिल हुए। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए ग्रामीण अंचलों में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने और युवाओं को खेलों से जोड़ने पर जोर दिया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने अपने दमखम, कौशल और शानदार खेल प्रदर्शन से दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। आयोजन के दौरान ग्रामीणों और खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिला। प्रतियोगिता ने गांव की खेल प्रतिभाओं को अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान किया।

- खेल भावना और अनुशासन का दिया संदेश



मुख्य अतिथि विजय सिन्हा ने कहा कि खेल जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास, साहस और टीम भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम है। कबड्डी जैसे पारंपरिक खेल ग्रामीण संस्कृति की पहचान हैं। ऐसे आयोजनों से युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने और आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। उन्होंने युवाओं से पढ़ाई के साथ खेलों में भी सक्रिय भागीदारी निभाकर अपने क्षेत्र का नाम रोशन करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि खेल में जीत और हार से अधिक महत्वपूर्ण मेहनत, समर्पण और खेल भावना है। ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन युवाओं को सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ने के साथ आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता को भी मजबूत करता है।

ये रहे उपस्थित

समापन समारोह में जनभागीदारी अध्यक्ष योगेश वर्मा, सभापति गौरव साहू, नेतराम साहू, रवि सिन्हा और टेक राम सत्तू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। दो दिवसीय कबड्डी महासंग्राम का समापन खेल भावना, उत्साह और आपसी सद्भाव के संदेश के साथ हुआ।

